कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पत्र संख्या :उ0वि0शि0प0/यू0टी0ई0टी0 (विज्ञप्ति)/ 441 /2014–15 दिनांक ~~27~~ 30.12.2014

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (UTET) – 2014

UTET-I प्राथमिक शिक्षकों (I-V)एवं (UTET-II) उच्च प्राथमिक शिक्षकों हेतु (VI-VIII)

बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुक्रम में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) की अधिसूचना दिनांक 23–08–2010 तथा संशोधित अधिसूचना दिनांक 29–07–2011 द्वारा राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/अशासकीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य के नियत्रंणाधीन ऐसे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हतायें निर्धारित की गयी हैं जिसके अनुसार इन विद्यालयों में शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति हेतु शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हताओं के अतिरिक्त अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अपने पत्र संख्या–F. No. 1–17/2010–EE-4 (Vol.II) New Delhi दिनांक 19.09.2014 तथा इस सम्बन्ध में जारी अधिसूचना संख्या–1809 दिनांक 11.09.2014/12.08.2014 के द्वारा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) की अधिसूचना दिनांक 23–08–2010 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 29–07–2011 के प्रस्तर 3 के खण्ड (1) के उपखण्ड –क में उल्लिखित अर्हता धारियों हेतु निर्धारित पूर्व में तिथि 31–03–2014 को संशोधित करते हुए 31–03–2016 तक कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाओं में शिक्षण कार्य हेतु अनुमन्य किया गया है।

अध्यापक पात्रता परीक्षा हेतु एन0सी0टी0ई0 के पत्र दिनांक 14–02–2011 में निर्धारित दिशा–निर्देशों तथा उपरोक्त विभिन्न आदेशों में निर्धारित प्रक्रियानुसार राज्य में शासनादेश संख्या 1346/XXIV(1)/2014–15/2011 शिक्षा अनुभाग–1 (बेसिक), देहरादून दिनांक 09 दिसम्बर, 2014 के द्वारा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) को उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा UTET-I (प्राथमिक शिक्षकों हेतु) तथा UTET-II (उच्च प्राथमिक शिक्षकों हेतु) के आयोजन किये जाने हेतु अधिकृत किया गया है, जिसकी परीक्षा राज्य के विभिन्न शहरों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संपादित होगी।

उक्त परीक्षा हेतु आवेदन पत्र राज्य के अन्तर्गत चयनित डाकघरों से निर्धारित शुल्क के भुगतान पर **दिनांक 05 जनवरी, 2015 से 24 जनवरी, 2015 तक** प्राप्त किये जा सकते हैं।

आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु अधिकृत प्रधान डाकघर एवं उपडाकघरों की सूची

गढ़वाल क्षेत्र		कुमाऊँ क्षेत्र	
प्रधान डाकघर का नाम	प्रधान डाकघरों से आबद्ध डाकघरों के नाम	प्रधान डाकघर का नाम	प्रधान डाकघरों से आबद्ध डाकघरों के नाम
देहरादून	देहरादून , हरिद्वार, रूड़की, विकासनगर, ऋषिकेश, चकराता	**पिथौरागढ़**	**पिथौरागढ़, डीडीहाट, धारचूला, बेरीनाग, चम्पावत, लोहाघाट**
नई टिहरी	नई टिहरी, नरेन्द्रनगर, उत्तरकाशी, बड़कोट	**अल्मोड़ा**	**अल्मोड़ा, रानीखेत, भिकियासैण, बागेश्वर, बैजनाथ (गरूड), काण्डा**
पौड़ी	पौड़ी, श्रीनगर, कोटद्वार, वीरोंखाल	**हल्द्वानी**	**हल्द्वानी, नैनीताल, रामनगर, धारी, रूद्रपुर, काशीपुर, खटीमा, टनकपुर।**
गोपेश्वर	गोपेश्वर, जोशीमठ, कर्णप्रयाग, थराली, रूद्रप्रयाग		

शुल्क का विवरण

श्रेणी	केवल **UTET-I** या केवल **UTET-II**	**UTET-I** एवं **UTET-II** दोनों हेतु
सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग	रु0 600.00	रु0 1000.00
अनु0जा0/अनु0जन0जा0/विकलांग	रु0 300.00	रु0 500.00

अभ्यर्थियों को केवल UTET-I अथवा केवल UTET-II अथवा UTET-I एवं UTET-II दोनों परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित शुल्क सम्बन्धित डाकघर में नकद जमा कर उपर्युक्त तालिकानुसार एक ही ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र भर कर परिषद् कार्यालय को प्रेषित करें।

पूरित आवेदन पत्र परिषद् कार्यालय में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि दिनांक **27 जनवरी, 2015** के **सायं 5.00 बजे तक** है। पूरित आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल), पिन कोड–244715 के पते पर ही प्रेषित करें। उक्त परीक्षा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के साथ विवरणिका (Prospectus) में एवं परिषद की वेबसाईट **www.ubse.uk.gov.in** में उपलब्ध है।

29.12.2014

(डॉ0डी0के0मथेला)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर नैनीताल